पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

# राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में लगा श्रमिक सुविधा शिविर

———————

## श्रमिकों की सहायता के लिए विभिन्न योजनाओं के शिविर लगाए गए

———————

## राज्यपाल ने लाभार्थी श्रमिकों को वितरित किए योजनाओं के लाभ और हर परिवार को एक साड़ी

————————

## मजदूर नही कारीगर हैं श्रमिक

————————

## अस्वस्थ श्रमिकों को स्वस्थ होने तक चिकित्सा और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं

**–श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

——————

## राजभवन से राजसत्ता नहीं जनसत्ता संचालित हो रही है

**– उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक**

—————

लखनऊः 01 मई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज यहां राजभवन में मई दिवस के अवसर पर श्रमिकों के सम्मान में एक भव्य श्रमिक सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में राजभवन पहुंचे श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा श्रमिक समाज का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक मजदूर नहीं कलाकार हैं, कारीगर हैं। श्रमिक जिस हुनर से सज्जा और निर्माण का कार्य करते हैं उसकी शिक्षा उन्हें स्कूलों से नही अपितु पीढ़ी दर पीढ़ी कार्य करते हुए मिलती है। उन्होंने कहा श्रमिकों के लिए ऐसे शिविर अक्सर लगाने चाहिए, जिससे श्रमिक अपनी निर्धारित पात्रता को पूरा कराकर सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। आज आयोजन में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर को विशेष रूप से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षण में अस्वस्थ्य पाए

गए श्रमिकों को उनके स्वस्थ होने तक निगरानी में रखा जाए तथा उनके लिए चिकित्सा एवं दवा की व्यवस्था की जाए।

राज्यपाल जी ने समारोह में संत रविदास शिक्षा सहायता योजना एवं साइकिल सहायता योजना के अंतर्गत 9, 10, 11 तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 13 बच्चों को साइकिल, कक्षा–12 उत्तीर्ण 02 बच्चों को रूपये 6 हजार का चेक, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत डेयरी के लिए एक लाभार्थी को 10 लाख रूपये तथा मत्स्य पालन के लिए एक लाभार्थी को 50 हजार रूपये का किसान क्रेडिट कार्ड, निराश्रित महिला पेंशन के 01 लाभार्थी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के एक लाभार्थी, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 02 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण की कृत्रिम अंग सहायता उपकरण योजना के तहत 02 लाभार्थियों को स्टिक एवं स्मार्ट केन (नेत्रहीन लोगो के लिए) प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के 02 लाभार्थियों प्रमाण पत्र एवं घर की चाबी प्रदान की। समारोह में विशेष रूप से प्रति श्रमिक परिवार एक साड़ी का वितरण किया गया। राज्यपाल जी ने मंच से स्वयं 11 श्रमिक महिलाओं को साड़ी प्रदान की। यहां बताते चलें कि राज्यपाल महोदया के विशेष प्रयास से ये साड़ियां गुजरात से प्राप्त की गई हैं जिन्हें आज नगर पंचायत मोहनलालगंज के 100, अमेठी के 40, गोइसाईगंज के 45 तथा नगर निगम के 590 श्रमिकों को वितरित किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने इस शिविर आयोजन को अद्भुत बताते हुए कहा राज्यपाल के नेतृत्व में राजभवन से राजसत्ता नहीं जनसत्ता संचालित हो रही है। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि इस शिविर आयोजन में राज्यपाल जी की श्रमिकों के प्रति सम्मान की सोच निहित है।

जिलाधिकारी लखनऊ अभिषेक प्रकाश ने शिविर के सम्पूर्ण आयोजन में उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं और श्रमिकों के लिए सुविधाओं की जानकारी दी। निदेशक एस. जी.पी.जी.आई. प्रो. डा. आर.के.धीमान ने महिलाओं को स्तन कैंसर के बारे में जागरूक किया।

ज्ञात हो कि आयोजन में श्रमिकों के हित में राज्य एवं केन्द्र सरकार की विविध योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए 11 विभिन्न विभागो द्वारा 17 शिविर लगाए गए, जिसमें संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ महिला श्रमिकों में स्तन कैंसर तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर परीक्षण का विशेष कैम्प भी लगाया गया । शिविर में पहुंचे श्रमिकों ने इन कैम्पों में जाकर सुविधाओं के लाभ के लिए पंजीकरण भी कराया गया तथा मौके पर लाभ भी प्राप्त किया। आयुष्मान कार्ड के शिविर में 261 श्रमिकों की पात्रता की जांच की गई, 78 कार्ड बनाए गए तथा 21 श्रमिकों को मौके पर ही कार्ड उपलब्ध करा दिए गए। जननी सुरक्षा योजना के तहत 45 तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 75 लाभार्थियों को चिन्हित कर विवरण अग्रसारित किया गया। महिला कल्याण विभाग में कन्या सुमंगला योजना के 01 लाभार्थी, निराश्रित महिला पेंशन योजना के 02 लाभार्थी का विवरण प्राप्त किया गया। जबकि इसकी अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को विवरण पूर्ण करने की जानकारी दी गई। बैंक ऑफ इण्डिया के शिविर में जीवन ज्योति बीमा योजना के 05 तथा सुरक्षा बीमा योजना के 10 लाभार्थियों का विवरण प्राप्त किया गया। राशन कार्ड में 12 लाभार्थियों का विवरण प्राप्त किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के शिविर में 29 लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ, अन्य अभ्यर्थियों को पात्रता पूर्ण करने हेतु जानकारी प्रदान की गई। श्रम विभाग द्वारा लगाए गए कॉमन सर्विस सेन्टर में मौके पर 150 ई–श्रम कार्ड तथा 80 लेबर कार्ड बनाए गए। जिनके प्रपत्र पूर्ण नही थे उनके कार्ड बनाने हेतु जानकारी प्रदान करके सेंटर पर बुलाया गया है।

एस.जी.पी.जी.आई. द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य कैम्प के बारे में डा0 गौरव से प्राप्त जानकारी के अनुसार 100 से अधिक महिलाओं को शिविर में स्तन कैंसर तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जानकारी देकर जागरूक किया गया। 96 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें 11 महिलाओं को आगे की जांच के लिए रिफर किया गया। जबकि 03 महिलाओं में कैंसर के लक्षणों की आशंका दृष्टिगत हुई उनकी आगामी जांच और चिकित्सा के लिए एस.जी.पी.जी.आई. अथवा उनकी सुविधानुसार निकटवर्ती चिकित्सालय में जांच तथा चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्यपाल द्वारा स्वयं श्रमिकों को शिविर की सभी सुविधाओं का भरपूर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव राज्यपाल, नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, राजभवन के अधिकारीगण, जनपद लखनऊ के सीडीओ तथा उपजिलाधिकारीगण, समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी तथा नगर निगम एवं नगर पंचायतों से आए श्रमिक उपस्थित थे।

——————

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (192/12)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361









